वर्ष 28 अंक 352
पृष्ठ 20+4=24
बरेली, शनिवार
2 सितंबर 2017
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

PAGE NO 7 : TOP

एसआरएमएस ट्रस्ट देगा तीन करोड़ की छात्रवृत्ति

जासं, बरेली : एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन देवमूर्ति ने किया।

कार्यक्रम में नवागत छात्र-छात्राओं के साथ उनके अभिभावक भी उपस्थित हुए। अकादमिक डीन प्रो. प्रभाकर गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि छात्र-छात्राएं खूब मेहनत करें। ताकि सफल होकर अपने मां-बाप और महाविद्यालय का नाम रोशन करें। उन्होंने संस्थान की सुविधाओं पर प्रकाश डाला। ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति ने छात्रों को अनुशासित होकर सफल होने का संदेश दिया। बीओजी सदस्य पंकज त्यागी ने इंजीनियर को परिभाषित किया। सुरेश सुंदरानी ने व्यवसायिक गुण आत्मसात करने की सीख दी। संस्था चेयरमैन देवमूर्ति ने छात्रों को सही समय पर सही कार्य करने का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि समय पर किसी का नियंत्रण नहीं है। इसका सदुपयोग करें। उन्होंने कहा कि एसआरएमएस ट्रस्ट से दी जानी वाली छात्रवृत्ति राशि दो से बढ़ाकर तीन करोड़ कर दी गई है। विभागाध्यक्षों ने विभागों का परिचय दिया। ट्रस्ट प्रशासक सुभाष मेहरा, डॉ. ललित सिंह, डीएसडब्ल्यू संतोष खरे, चीफ प्रॉक्टर डॉ. केके तिवारी, एचओडी डॉ. अनंत श्रीवास्तव, चीफ वार्डन एलएस मौर्य, टायरो अध्यक्ष शिवानी मलिक, वर्व अध्यक्ष शुभि रस्तोगी आदि मौजूद रहे। समारोह में आए अतिथियों को हरियाली का संदेश देते हुए पौधे उपहार में दिए गए। संचालन डॉ. अंकिता टंडन ने किया।